## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- सर्वोच्च न्यालयालय ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में कथित नीट–यूजी पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर लगायी रोक।
- झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित।
- राज्य में किसानों के दो लाख तक की लोन माफी की पहल तेज, मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।
- मौसम विभाग के अनुसार झारखंड की ओर बढ़ने लगा है मानसून, राज्य के कई हिस्सों में बदला मौसम, रांची में तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश।

*******************

सर्वोच्च न्यालयालय ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में कथित नीट–यूजी पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर आज रोक लगा दी। नीट परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी –एनटीए की स्थानांतरण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने ये रोक लगाई। सुनवाई के दौरान एनटीए के वकील ने बताया कि पिछले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसी तरह की स्थानांतरण याचिका पर नोटिस जारी किये जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालयों में नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के कई मामलों पर सुनवाई हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरण याचिकाओं और परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल देश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। मुख्य कार्यक्रम जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। श्रीनगर में विश्व विख्यात डल झील के किनारे स्थित शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कल योग कार्यक्रम में लगभग सात हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। स्थानीय प्रशासन और आयुष मंत्रालय ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

*******************

बात योग की हो रही हो तो जमशेदपुर में योग क्वीन की उपाधि से सम्मानित जयश्री चक्रवर्ती की चर्चा जरुरी है। कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा गोपाल मैदान में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के लिए उन्हें भी आमंत्रित किया गया है। 76 वर्ष की उम्र में भी उनके भीतर उतनी ही फूर्ती और जोश है, जो एक युवा में होता है। वह कहती हैं कि योग साधना ने उन्हें शारीरिक और मानसिक रुप से सशक्त बनाया है।

*******************

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर आज सुनवाई पूरी हो गई। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

*******************

केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का आज हजारीबाग में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जन आकांक्षाओं को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे विकास योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। मौके पर मौजूद सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि अन्नपूर्णा देवी के मंत्री बनने से हजारीबाग–रामगढ़ जिले का विकास होगा।

*******************

टास्क फोर्स–सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन और सीड द्वारा एनर्जी ट्रांजिशन में झारखंड के क्रिटिकल मिनरल्स की भूमिका पर आज रांची में एक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान एनर्जी ट्रांजिशन में झारखंड के क्रिटिकल मिनरल्स की भूमिका' पर रिपोर्ट भी जारी की गयी। कार्यक्रम में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह और उद्योग विभाग के निदेशक सुशांत गौरव समेत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, थिंक टैंक और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

*******************

पलामू जिले में किसान खरीफ फसल की तैयारी में लगे हुए हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

किसानों की दो लाख रुपये तक की ऋण माफी के लिए राज्य सरकार ने पहल तेज कर दी है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आज उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसानों की एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करने का निर्देश दिया, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

*******************

मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए आज रांची के मोरहाबादी स्थित आर्टभट्ट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उपविकास आयुक्त दिनेश यादव के अलावा कई अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लड़कों के साथ–साथ लड़कियां भी मादक पदार्थों का सेवन कर रही हैं, जो अत्यधिक चिंता का विषय है। इस अंकुश लगाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरुरत है।

*******************

उधर, लोहरदगा जिले में भी मादक पदार्थों पर रोक के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत मौजूद रहे। दोनों ने नशामुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास पर बल दिया।

*******************

सिकछा कर भेंट गतिविधि के अंतर्गत गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय और सरकारी आवासीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिए साइन्स ओलंपियार्ड के आयोजन का निर्णय लिया है। इस साइन्स ओलंपियार्ड का आयोजन 26 जून को किया जाएगा, जिसमें कक्षा नौ और कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय के छात्र–छात्राएं भाग ले सकेंगे।

*******************

निपुण भारत समागम के तहत जामताड़ा जिले में शिक्षकों को टीएलएम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के पबिया स्थित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न प्रखंडों के सौ से अधिक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं । प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षक टीचिंग लर्निंग मटेरियल निर्माण के माध्यम से विद्यालय के बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति अभिरुचि पैदा करने का प्रयास करेंगे।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार मानसून धीरे–धीरे झारखंड की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ ही राज्य के कई हिस्सों में मौसम में बदलाव आया है और तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इधर, आज शाम राजधानी रांची में तेज हवा और गरज के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि कल उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की भी संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 22 जून के लिए भी तेज हवाओं के साथ वर्षा एवं वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**********समाप्त**********